पेज थ्री देहरादून

देहरादून, शुक्रवार 6 दिसंबर, 2019

पेज 8

# हमारा दून


हरीश रावत गन्ना किसानों की समस्याओं को लेकर समर्थकों के साथ धरना देते हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### गन्ना किसानों की समस्याओं को लेकर हरीश रहे उपवास पर

**संवाददाता** देहरादून। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत इन दिनों सदन से बाहर रहकर कांग्रेस का मोर्चा संभाले हुए है। बीते दिन गैरसैंण में सत्र न कराने के मुद्दे पर उन्होंने उपवास किया था, वहीं आज वह अपने समर्थकों के साथ विधान सभा के सामने गन्ना किसानों की समस्याओं को लेकर उपवास पर बैठे हुए है। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत का कहना है कि सबका साथ सबका विकास का नारा देने वाली भाजपा के शासन काल में किसान बेहद परेशान है और भारी मुश्किल दौर से गुजर रहे है।

### 11 साल के छात्र ने बना डाली हवा से चलने वाली बाइक

**संवाददाता** देहरादून। पेट्रोल से चलने वाले वाहनों को चुनौती देते हुए देहरादून के 11 साल के छात्र अद्वैत क्षेत्री ने साधारण हवा से चलने वाली बाइक बनाई है। कक्षा 6 में पढ़ने वाले अद्वैत का दावा है कि उनके द्वारा तैयार की गई इस एयर बाइक को आप सड़क पर फर्राटे से दौड़ा सकते हैं। यह बाइक पूरी तरह से प्रदूषण मुक्त है। उन्होंने इस बाइक को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समर्पित करते हुए देश में स्वच्छता अभियान में अपना एक सहयोग बताया है। इस बाइक का नाम अद्वैत 02 रखा गया है।

### जेडब्लू मैरियट में हुआ खुशी के मौसम का आगमन

**संवाददाता** मसूरी। जेडब्लू मैरियट मसूरी वॉलनट ग्रोव रिजॉर्ट एवं स्पा में त्योहारों की खुशी मनाने का समय आ गया है। क्वीन ऑफ हिल्स में चमचमाती रोशनी, घंटियों की आवाज, स्वादिष्ट व सुगंधित आहार और ढेर सारी खुशी के साथ जश्न का माहौल छा गया है। परिवार के हर सदस्य के लिए रोचक गतिविधियां एवं अनूठे मनोरंजन के साथ इस माह भर चलने वाले जश्न में हमारे साथ शामिल हो जाईये।

# देहरादून रेलवे स्टेशन पुनर्विकास परियोजना का एमओयू हस्ताक्षरित

**हस्ताक्षर**

मुख्यमंत्री की उपस्थिति में एमओयू पर किए गए हस्ताक्षर

507 करोड़ रूपए की अनुमानित लागत से तीन वर्ष में पूरा किया जाएगा प्रोजेक्ट

देहरादून। **संवाददाता**

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत की उपस्थिति में मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण एवं रेलवे लैंड डेवेलपमेंट प्राधिकरण के मध्य देहरादून रेलवे स्टेशन पुनर्विकास परियोजना हेतु समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया। एम.डी.डी.ए. उपाध्यक्ष डॉ आशीष कुमार श्रीवास्तव एवं रेलवे लैंड डेवेलपमेंट प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री वेदप्रकाश ने उक्त समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर बधाई देते हुए मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक पल है। यह पहला ऐसा पीपीपी मॉडल है जिसे देश में उदाहरण के तौर पर अपनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रोजेक्ट निर्धारित समय सीमा के अन्दर पूरा कर लिया जाएगा। उत्तराखण्ड में एक अच्छी परम्परा शुरू हो रही है। प्रदेश के विकास के लिए शुरू किए गए विभिन्न प्रोजेक्ट्स अपनी निर्धारित समय सीमा से पूर्व ही पूर्ण किए गए हैं। इससे जहां एक ओर प्रोजेक्ट की उपयोगिता बनी रहती है, वहीं दूसरी ओर प्रोजेक्ट्स में आर्थिक रूप से बचत भी होती है। एम.डी.डी.ए. उपाध्यक्ष डॉ आशीष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि अब देहरादून रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के कार्य को प्रारंभ कर दिया जाएगा।


दून रेलवे स्टेशन पुनर्विकास परियोजना के एमओयू हस्ताक्षर के दौरान सीएम, एमडीडीए व रेलवे लैंड डेवेलपमेंट प्राधिकरण के अधिकारी।

परियोजना के लिए फीजिबिलिटी स्टडी, डिटेल्ड मास्टर प्लानिंग, अर्बन प्लानिंग व डी0पी0आर0 इत्यादि से संबंधित कार्य कर लिया गया है। लगभग 507 करोड़ रूपए की अनुमानित लागत से निर्मित होने वाले इस प्रोजेक्ट को तीन वर्षों में पूर्ण कर लिया जाएगा। रेलवे स्टेशन का निर्माण उत्तराखण्ड की वास्तुकला के आधार पर किया जाएगा। इसमें बजट एवं स्टार होटल, कमर्शियल स्पेस, पार्किंग, किड्स जोन, दिव्यांग लोगों के लिए विशेष प्रोविजन, रेलवे स्टेशन हेतु मेन रोड पर मुख्य द्वार का निर्माण, ओल्ड टेहरी की तर्ज पर क्लॉक टावर का निर्माण, पैदल यात्री प्लाजा, अंडर पास, यातायात के सुगम प्रबंधन एवं यात्रियों की सुविधाओं हेतु रेलवे स्टेशन पर आवागमन हेतु दूसरे छोर (भण्डारी बाग) की ओर से भी द्वार बनाया जाएगा, स्टेशन पर आने एवं निकासी हेतु पृथक व्यवस्था की जायेगी। इस अवसर पर मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह, सचिव मुख्यमंत्री राधिका झा, प्राधिकरण सचिव एस.एल. सेमवाल, जी.सी. गुणवंत तथा आर. एल.डी.ए. के अंजनी कुमार एवं आशु शर्मा भी उपस्थित थे।

### सदन में गूंजा किसानों का गन्ना भुगतान का मामला

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड विधानससभा के शीतकालीन सत्र की दूसरे दिन की सदन में गन्ना किसानों के बकाया भुगतान का मुद्दा गूंजा। विपक्ष का कहना था कि सरकार को गन्ना किसानों की कोई चिंता नहीं है। गन्ना किसानों की हालत बद से बदतर होती जा रही है। पूर्वाह्न 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही कांग्रेस के विधायक काजी निजामुद्दीन ने गन्ना किसानों के बकाया भुगतान का मामला उठाया।

उन्होंने कहा कि पेराई सत्र शुरू हो चुका है सरकार ने गन्ने का मूल्य तय नहीं किया। उनके साथ ही समूचे विपक्ष ने इस मुद्दे पर नियम 310 के तहत चर्चा कराए जाने की मांग की। इस पर विधानसभा स्पीकर प्रेमचंद अग्रवाल ने व्यवस्था दी कि इस मुददे को नियम 58 के तहत सुन लिया जाएगा, इसके बाद प्रश्नकाल सुचारु रूप से चला। प्रश्नकाल के बाद इस मुद्दे पर नियम 58 के तहत चर्चा हुई। विधायक कॉजी निजामुद्दीन का कहना था कि सरकार गन्ना किसानों की अनदेखी कर रही है। सरकार को गन्ना किसानों के हितों की कोई चिंता नहीं है, जिस कारण गन्ना किसानों की हालत बदतर होती जा रही है।

### भारी मात्रा में चरस के साथ दो गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। एसटीएफ की एंटी ड्रग्स फोर्स द्वारा नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत दो नशा तस्करों को भारी मात्रा में चरस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी शातिर किस्म के नशा तस्कर है जो लम्बे समय से पहाड़ो से चरस लाकर दून में सप्लाई किया करते थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कल देर रात एसटीएफ की एंटी ड्रग्स फोर्स को सूचना मिली कि शहर में कुछ नशा तस्कर चरस की डिलीवरी हेतू आने वाले है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए फोर्स द्वारा बताये हुए स्थान कबाड़ी बाजार के समीप घेराबंदी की गयी। इस दौरान उन्हे वहां दो संदिग्ध दिखायी दिये जिन्हे जब रोकना चाहा तो वह भागने लगे। इस पर पर फोर्स द्वारा उन्हे घेराबंदी कर दबोचा गया।

# सीएसआर पोर्टल 'सहयोग' लांच किया गया

**शुभारम्भ**

■ सीएम ने आयोजित कार्यक्रम में किया पोर्टल का शुभारम्भ

देहरादून। **संवाददाता**

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने गुरूवार को मुख्यमंत्री आवास में कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पोर्टल "सहयोग" का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि "सहयोग" पोर्टल के माध्यम से राज्य सरकार एवं उद्योग जगत से जुड़े लोगों के मध्य आपसी सामंजस्य बढ़ेगा, साथ ही सरकार एवं उद्योग जगत के मध्य गैप को कम करने में सहायता मिलेगी। पोर्टल के माध्यम से सरकार की प्राथमिकताओं की जानकारी पूर्ण पारदर्शिता के साथ उद्योग जगत के समक्ष उपलब्ध होगी, साथ ही साथ, सी.एस.आर. के अंतर्गत पोर्टल के माध्यम से उद्योगों को राज्य के विकास में अपनी इच्छा के अनुरूप कार्यक्षेत्र चुनने का भी अवसर होगा।


सीएसआर पोर्टल 'सहयोग' लांच के मौके पर सीएम व अन्य।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के विकास में सी.एस.आर. फंड एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस सी.एस.आर. फंड के सही उपयोग करने के लिये इंडस्ट्रीज को सरकार की प्राथमिकताओं की जानकारी होना आवश्यक है। इसके लिए विभागों द्वारा प्रयास किये जाने चाहिए ताकि पोर्टल पर समस्त प्रकार की जानकारी उपलब्ध हो सके। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को विभागों द्वारा प्राथमिकता के आधार पर कराये जाए वाले कार्यों की जानकारी पोर्टल पर शीघ्र अपलोड करने के भी निर्देश दिए। सचिव राधिका झा बताया कि कॉरपोरेट एवं सरकार के मध्य गैप को कम करने हेतु तैयार इस पोर्टल के माध्यम से विभागाध्यक्ष अपने ऐसे प्रोजेक्ट्स, जिन्हें वे अपने संसाधनों से नहीं कर पा रहे हैं, को प्राथमिकता के आधार पर अपलोड करेंगे।




### वन्य जीव अपराध मामले में फरार चल रहा गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। एसटीएफ द्वारा वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत फरार चल रहे दस हजार के ईनामी बदमाश को गुरूवार सुबह गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत वांछित अपराधी घोषित था। प्राप्त जानकारी के अनुसार एसटीएफ के निरीक्षक सन्दीप नेगी के नेतृत्व में जनपद हरिद्वार के थाना श्यामपुर में दर्ज वन्य जीव संरक्षण अधिनियम मुकदमें में फरार चल रहे वांछित अपराधी हजारी पुत्र प्रताप निवासी शिमला को एसटीएफ द्वारा आज सुबह गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि वर्ष 2016 में हरिद्वार के थाना श्यामपुर क्षेत्र के अर्न्तगत एस.टी.एफ. टीम द्वारा एक अभियुक्त रामचन्द्र उर्फ चन्दर को 5 टाईगर की खाल एवम् 125 किलो टाईगर बोन्स के साथ गिरफ्तार किया गया था।

### बैठक 23 जुलाई को

देहरादून। उत्तराखंड में 14जी इंटरनेशनल टूर्नामेंट फॉर फ्लोरबॉल का आयोजन 6 से 8 दिसंबर तक महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज दून में होगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।